5

(952)

पत्रांक–2प/GPDP-18-1/2018/9465/पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

डॉ0 रणजीत कुमार सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी
बिहार।

दिनांक : 30 / 09 /2022

विषयः-- **पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक–29.09.2022 को People's Plan Campaign (PPC)- 2022 के Launching हेतु आयोजित कार्यक्रम में दिये गये निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक– 29.09.2022 को People's Plan Campaign (PPC)- 2022 के Launching हेतु आयोजित कार्यक्रम में पंचायत विकास योजना तैयार करने एवं ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर डाटा अपलोड किये जाने के संबंध में अद्यतन जानकारी प्रदान की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

1. **2 अक्टूबर, 2022** को राज्य के सभी ग्राम पंचायत विशेष ग्राम सभा का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। यह Vibrant/सहभागी ग्राम सभा होगी, जिसमें लिंग–भेद रहित ग्राम पंचायत के सभी जाति, धर्म, वर्ग अथवा समूह के लोग भाग लेंगे।

2. उपर्युक्त अभियान के तहत आयोजित प्रथम ग्राम सभा के पूर्व ग्राम पंचायत के द्वारा Gram Panchayat Development Plan Portal में अपने Demographic Profile को अद्यतन करना अनिवार्य होगा।

3. प्रथम ग्राम सभा में ग्राम पंचायत द्वारा संकल्पित LSDG Theme के अनुसार योजनाओं के चयन पर विचार किया जायेगा एवं तद्नुरूप आगामि वित्तीय वर्ष (2023–24) के लिए विकास के कार्य के वार्षिक कार्य योजना (GPDP) प्रारूप तैयार किया जायेगा। इस क्रम में यदि कोई ग्राम पंचायत संकल्पित LSDG Theme में कोई परिवर्तन अथवा संशोधन करना चाहता हो तो ग्राम सभा के आयोजन से पूर्व संबंधित पोर्टल में ऐसा किया जाना संभव होगा। जिन ग्राम पंचायतों के द्वारा LSDG Theme को अभीतक संकल्प के रूप में नहीं ग्रहण किया गया है, वैसे ग्राम पंचायत शीघ्र Theme का चयन कर संबंधित पोर्टल में प्रविष्टि सुनिश्चित करें।

4. अभियान के तहत आयोजित प्रथम ग्राम सभा में जीविका समूह द्वारा तैयार किये गये VPRP (Village Poverty Reduction Plan) एवं मिशन अंत्योदय में प्रदर्शित GAP पर परिचर्चा किया जाना आवश्यक होगा।

5. ग्राम सभा की बैठक में उक्त ग्राम पंचायत के द्वारा संकल्पित LSDG Theme से संबंधित लाईन विभाग के Frontline Worker अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही उक्त सभा में Facilitator स्वयं उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

6. GPDP Portal में Low Cost or No Cost योजनाओं को भी पंचायत विकास योजना में सम्मिलित करने का प्रावधान किया गया है।

लगातार......

7. People's Plan Campaign (PPC) के तहत GPDP पर अनुमोदन प्राप्त करने हेतु आयोजित द्वितीय ग्राम सभा के आयोजन से पूर्व प्रत्येक ग्राम पंचायत में **महिला सभा** एवं **बाल सभा** का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जायेगा। साथ ही उक्त आयोजन से संबंधित वांछित सूचनाओं की प्रविष्टि GPDP Portal में किया जाना आवश्यक होगा।

8. इस संबंध में विभाग द्वारा पत्रांक–9380 दिनांक–28.09.2022 में दिये गये विस्तृत दिशा–निदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त निदेश के शत् प्रतिशत अनुपालन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन

30/9/22

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांकः 2प/GPDP-18-1/2018/9465 पं०रा० पटना, दिनांक– 30/09/2022

प्रतिलिपिः सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, बिहार/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/22

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांकः 2प/GPDP-18-1/2018/9465 पं०रा० पटना, दिनांक– 30/09/2022

प्रतिलिपिः **अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/कार्यपालक निदेशक/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी**/कृषि विभाग/स्वास्थ्य विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति/जल संसाधन/योजना एवं विकास विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/ शिक्षा विभाग/समाज कल्याण विभाग/सहकारिता विभाग/खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग/आपदा प्रबंधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/अनुसूचित जाति एवं जन–जाति कल्याण विभाग/पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग/पशु एवं मत्स्य पालन विभाग/अल्पसंख्यक विभाग/श्रम संसाधन विभाग/उद्योग विभाग/सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग/पथ निर्माण विभाग/उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग/ऊर्जा विभाग/पर्यावरण एवं वन विभाग बिहार, पटना/Bihar Rural Livelihood Promotion Society/महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/22

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

ज्ञापांकः 2प/GPDP-18-1/2018/9465 पं०रा० पटना, दिनांक– 30/09/2022

प्रतिलिपिः परियोजना निदेशक, राज्य पंचायत संसाधन केन्द्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/22

(डॉ0 रणजीत कुमार सिंह)
निदेशक

D:\ABHILASHA 2022\GPDP\GPDP Latter.docx